**Regarding recruitment of Sub-Inspectors in Jammu and Kashmir**

श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी **(श्रीनगर) :** मैडम चेयरपर्सन, मैं आपके ज़रिए गवर्मेंट ऑफ इंडिया और होम मिनिस्ट्री से यह गुज़ारिश करना चाहता हूँ कि जम्मू-कश्मीर में जो पुलिस सब-इंस्पेक्टर के रिक्रूटमेंट का प्रोसेस शुरू हुआ है, इनकी नॉलेज में होगा कि वह पिछले चार सालों से डिले हुआ है, जिसकी वजह इर्रेगुलैरिटीज़ थीं । जो रिक्रूटमेंट एजेंसी इन्होंने मुंतखब की थी, अपॉइंट की थी, इस रिक्रूटमेंट के लिए, एप्टेक, उनकी इर्रेगुलैरिटीज़ की वजह से यह डिले हुआ और डिले की वजह से जो एस्प्रेंट्स हैं, जिनकी ऐज अब अपर लिमिट से बाहर निकल गई है, मेरी गुज़ारिश है, गवर्मेंट ऑफ जम्मू-कश्मीर ने भी रिक्मेंड किया है, जैसे कि आप जानते हैं कि यह सब्जेक्ट होम मिनिस्ट्री के हाथ में है, हम चाहते हैं कि जेकेपीएसआई में वन टाइम ऐज रिलैक्सेशन दी जाए ताकि ये एस्प्रेंट्स अपने लिए रोज़गार हासिल कर सकें । शुक्रिया ।